अमर उजाला
बरेली
शनिवार, 3 जून 2017
amarujala.com

PAGE NO. 11 : LEFT MIDDLE

एसआरएमएस ने लखनऊ को 82 रन से हराया

बरेली। एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड में चल रहे अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट में लखनऊ को 82 रन से हराकर एसआरएमएस में फाइनल में प्रवेश किया। एसआरएमएस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तय 30 ओवर में 192 रन बनाए। मनीष यादव ने 70, शिवम ने 25 रन बनाए। लखनऊ के हर्ष ने 4 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ की टीम प्रथम व अर्पित की घातक गेंदबाजी के आगे चित होकर 110 रन पर ही सिमट गई। लखनऊ की ओर से सबसे अधिक 19 रन अभिषेक ने बनाए। दूसरा मैच आगरा व मुरादाबाद के बीच हुआ। आगरा ने शिवांग बंसल के शतक से 212 रन बनाए। शिवांग ने 100 और अभिजीत ने 47 रन बनाए। मुरादाबाद के नमन ने 3 विकेट लिये। मुरादाबाद की पूरी टीम 52 रन ही बना सकी। आगरा के विकास व सचिन ने 4- 4 विकेट लिये।